# <u>कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 (2025)</u>
## <u>बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न</u>

### <u>रजिस्ट्रेशन</u>

प्र. CFE 1 और CFE 2 क्या है?

उ. CFE 1 और CFE 2 दो अलग-अलग पंजीकरण प्रक्रियाएँ हैं, जिनके माध्यम से कोई भी पंजीकरणकर्ता KBC-17 में भाग लेने का मौका पा सकता है। CFE 1 में भाग लेने वाले पंजीकरणकर्ता नीचे दिए गए शेड्यूल के अनुसार व्हाट्सएप या SonyLIV के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। CFE 2 में भाग लेने वाले पंजीकरणकर्ता केवल व्हाट्सएप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं और पंजीकरण प्रक्रिया और दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता को पूरा करने के अधीन सीधे ग्राउंड ऑडिशन के लिए उपस्थित हो सकते हैं। यदि कोई पंजीकरणकर्ता CFE 1 के तहत शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया है, तो वह www.sonyliv.com पर उपलब्ध नियमों और शर्तों के अनुसार CFE 2 में भाग लेने के लिए पात्र होगा।

प्र. CFE 1 और CFE 2 के लिए कौन रजिस्टर करा सकता है?

उ. वह कोई भी जो भारतीय नागरिक है, भारत में निवास करता है, 14 अप्रैल, 2025 को 18 साल या इससे ज्यादा उम्र का है और ऐसा नागरिक जो शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो, वह KBC–17 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकता है। कोई भी व्यक्ति किसी अन्य की ओर से भाग नहीं ले सकता।

कोई भी प्रतियोगी जिसने शो के सभी शेड्यूल में एक से अधिक बार शो के ऑडिशन राउंड में जगह बनाई है या यहां तक कि केबीसी हिंदी के पिछले सीज़न में से किसी एक की हॉट सीट पर भी, तो वह प्रतियोगिता के इस सीजन (सीजन 17) में भाग लेने का पात्र नहीं होगा।

CFE 1:

प्र. रजिस्ट्रेशन के लिए लाइनें कब खुल जाएंगी?

उ. रजिस्ट्रेशन लाइंस (व्हाट्सएप और SonyLIV ऐप) 14 अप्रैल, 2025 को रात 21:00:00 बजे पहले प्रश्न के ऑन एयर होते ही सभी दर्शकों के लिए शुरू हो जाएंगी। ऑन-एयर पूछे जाने वाले रजिस्ट्रेशन प्रश्नों के शैड्यूल की अवधि निम्नानुसार होगीः

| प्रश्न | विवरण | लाइन खुलेंगी | | लाइन बंद | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक | समय | दिनांक | समय |
| 1 | सामान्य | 14-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 15-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 2 | सामान्य | 15-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 16-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 3 | सामान्य | 16-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 17-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 4 | सामान्य | 17-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 18-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 5 | सामान्य | 18-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 19-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 6 | सामान्य | 19-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 20-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 7 | सामान्य | 20-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 21-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 8 | सामान्य | 21-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 22-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 9 | सामान्य | 22-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 23-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 10 | सामान्य | 23-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 24-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 11 | सामान्य | 24-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 25-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 12 | सामान्य | 25-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 26-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 13 | सामान्य | 26-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 27-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 14 | सामान्य | 27-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 28-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 15 | सामान्य | 28-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 29-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 16 | सामान्य | 29-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 30-अप्रैल-25 | रात 08:59:59 बजे |
| 17 | सामान्य | 30-अप्रैल-25 | रात 09:00 बजे | 01- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 18 | सामान्य | 01- मई -25 | रात 09:00 बजे | 02- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 19 | सामान्य | 02- मई -25 | रात 09:00 बजे | 03- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 20 | सामान्य | 03- मई -25 | रात 09:00 बजे | 04- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 21 | सामान्य | 04- मई -25 | रात 09:00 बजे | 05- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 22 | सामान्य | 05- मई -25 | रात 09:00 बजे | 06- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 23 | सामान्य | 06- मई -25 | रात 09:00 बजे | 07- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 24 | सामान्य | 07- मई -25 | रात 09:00 बजे | 08- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 25 | सामान्य | 08- मई -25 | रात 09:00 बजे | 09- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 26 | सामान्य | 09- मई -25 | रात 09:00 बजे | 10- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 27 | सामान्य | 10- मई -25 | रात 09:00 बजे | 11- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 28 | सामान्य | 11- मई -25 | रात 09:00 बजे | 12- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |
| 29 | सामान्य | 12- मई -25 | रात 09:00 बजे | 13- मई -25 | रात 08:59:59 बजे |

किस-किस तरीके से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है?

प्र.

उ. आप व्हाट्सएप या सोनी लिव ऐप के ज़रिए ऑन-एयर सवाल का जवाब देकर रजिस्टर कर सकते हैं। हालाँकि, केवल पहली वैध एंट्री को ही आगे की शॉर्टलिस्टिंग के लिए माना जाएगा, चाहे एंट्री का तरीका कुछ भी हो।

| **भागीदारी का तरीका** | **विवरण** |
|---|---|
| Sony LIV ऐप | Sony LIV ऐप में डिफाइंड फ्लो के अनुसार। यह ऐप एंड्रॉइड और iOS डिवाइस के लिए उपलब्ध है। |
| व्हाट्सएप | SET चैनल पर CFE के दौरान समय-समय पर उपलब्ध QR कोड को स्कैन करें या +91 8591975331 पर संदेश भेजें। |

*SonyLIV ऐप गूगल प्ले स्टोर और एपल ऐपस्टोर पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है।

प्र. SonyLIV ऐप या व्हाट्सएप के माध्यम से पंजीकरण करने में मुझे कितना खर्च आएगा?

उ. Sony LIV और व्हाट्सएप एप्लीकेशन पर सभी रजिस्ट्रेशन मुफ्त हैं। हालांकि, डेटा शुल्क लग सकता है। अधिक जानकारी के लिए अपने सर्विस प्रोवाइडर से संपर्क करें।

प्र. Sony LIV एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए जवाब कैसे दें?

उ. Sony LIV ऐप के माध्यम से भाग लेने के लिए कृपया नीचे दिए गए चरणों का पालन करें:

एप्लिकेशन स्टोर से SonyLIV एप्लिकेशन डाउनलोड करें। कृपया ध्यान दें, एप्लिकेशन डाउनलोड मुफ्त है, हालांकि डेटा शुल्क लग सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

1. कृपया अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें। कृपया ध्यान दें कि हम केवल तभी संपर्क में रह सकेंगे जब आपके द्वारा दाखिल नंबर वाला मोबाइल नंबर भारत में सेवा प्रदाता के साथ पंजीकृत हो।
2. कृपया प्रदान किए गए विकल्पों से अपनी आयु का चयन करें। कृपया ध्यान दें कि केवल उन लोगों को शो में भाग लेने के लिए माना जाएगा जिन्होंने 14 अप्रैल, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी की है।
3. अपना लिंग चुनें।

4. अपनी शिक्षा चुनें।
5. अपना पेशा चुनें।
6. उपलब्ध विकल्पों में से कृपया निवास का क्षेत्र चुनें (आपके पास इस पते के संबंध दस्तावेजी प्रमाण होने चाहिए)
7. कृपया सामान्य ज्ञान आधारित सवाल पर अपने जवाब का विकल्प (A/B/C/D) चुनें ताकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।
8. जब आप सभी प्रश्नों के जवाब दे दें, तब आपको रजिस्ट्रेशन की पुष्टि के संबंध में कंफर्मेशन स्क्रीन मिल जाएगी।

प्र. व्हाट्सएप एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए जवाब कैसे दें?

उ. व्हाट्सएप के माध्यम से भाग लेने के लिए कृपया नीचे दिए गए चरणों का पालन करें:

1. CFE लाइनें खुली होने पर समय-समय पर चैनल पर प्रदर्शित होने वाले QR कोड को स्कैन करें या नंबर +91 8591975331 का उपयोग करें।
2. चैनल पर प्रदर्शित होने वाले QR कोड को समय-समय पर स्कैन करें या
3. स्कैन किया गया QR कोड/लिंक पंजीकरणकर्ता को सोनी लिव असिस्ट व्हाट्सएप चैटबॉट पर ले जाएगा।
4. KBC या KBC 17 टाइप करें और भेजें।
5. नियम एवं शर्तें को पढ़ें और स्वीकार करें।
6. 14 अप्रैल 2025 तक अपकी आयु कितने वर्ष की हुई चुनें।
7. अपना लिंग चुनें।
8. दिए गए विकल्पों के अनुसार अपना निवास क्षेत्र चुनें (आपके पास अपने पते का दस्तावेज़ी प्रमाण होना चाहिए)
9. अपनी शिक्षा चुनें।
10. अपना पेशा चुनें।
11. पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्न के लिए अपना उत्तर विकल्प (A/B/C/D) चुनें।

*नोट – उपरोक्त किसी भी प्रश्न के लिए एक से अधिक इनपुट मिलने की स्थिति में, आगे की प्रक्रिया के लिए केवल प्रथम वैध इनपुट पर ही विचार किया जाएगा।*

प्र. क्या मैं व्हाट्सएप, सोनी लिव एप्लिकेशन से एक से अधिक बार रजिस्टर कर सकता हूं?

उ. हां, व्हाट्सएप,/सोनी लिव एप्लिकेशन से रजिस्ट्रेशन कराने की संख्या पर कोई सीमा नहीं है। हालाँकि, प्रत्येक पंजीकृत मोबाइल नंबर के लिए केवल पहली वैध एंट्री पर विचार किया जाएगा, भले ही प्रत्येक 'कॉल फ़ॉर एंट्री' प्रश्न के लिए उपयोग की गई एंट्री का तरीका कुछ भी हो

प्र. रजिस्ट्रेशन का परिणाम मुझे कब पता चलेगा?

उ. यदि आपके द्वारा प्रदान किया गया उत्तर वैध और सही दोनों था और आपको पूर्व-निर्धारित आरक्षण मानदंडों के आधार पर रैंडमाइज़र द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है, तो आपको उस सवाल के लिए रजिस्ट्रेशन लाइन बंद करने की तारीख से लगभग दस (10) कार्य दिवसों में हमारा कॉल आएगा।

प्र. मुझे पंजीकरण का परिणाम कैसे पता चलेगा?

उ. यदि आपके द्वारा प्रदान किया गया उत्तर वैध और सही दोनों था और आपको पूर्व-निर्धारित आरक्षण मानदंडों के आधार पर रैंडमाइज़र द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है, तो हम आपके रजिस्टर्ड नंबर पर आपसे संपर्क करेंगे। कृपया फोन आने पर खुद ही जवाब दें।

प्र. यदि मुझे आगे के किसी भी राउंड के लिए चुना जाता है, तो मुझे वापस कॉल कैसे प्राप्त होगा?

उ. CMEPL 2 लेवल यानी लेवल 2 और लेवल 3 में शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (IVR) सिस्टम के माध्यम से कॉल बैक आएगा । लेवल-वार शॉर्टलिस्टिंग और कॉलआउट प्रक्रिया पर अधिक जानकारी के लिए कृपया विस्तृत नियम और शर्तें दस्तावेज़ देखें।

**CFE 2:**

प्र. मैं पंजीकरण कैसे कर सकता हु?

उ. आप 13 मई, 2025 से 31 मई, 2025 तक व्हाट्सएप का उपयोग करके CFE 2 के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। कंपनी अपने आधिकारिक हैंडल के माध्यम से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म (इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब, सोनीलिव आदि) पर QR कोड और नंबर के साथ प्रमोशनल मेसेज प्रदर्शित करेगी। आप ग्राउंड ऑडिशन वाले दिन भी कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध QR कोड को स्कैन करके और नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके भी पंजीकरण कर सकते हैं।

रेजस्ट्रन्टस QR कोड/नंबर ऐक्सेस कर सकते हैं और नीचे परिभाषित फ्लो का पालन करके भाग ले सकते हैं:

a) QR कोड स्कैन करें या +91 8591975331 नंबर का उपयोग करें।
b) स्कैन किया गया QR कोड/लिंक पंजीकरणकर्ता को सोनी लिव असिस्ट व्हाट्सएप चैटबॉट पर ले जाएगा।

c) KBC या KBC 17 टाइप करें और भेजें।
d) नियम एवं शर्तें को पढ़ें और स्वीकार करें।
e) शो में भाग लेने के उद्देश्य से आपकी व्यक्तिगत जानकारी के एकत्रित करनें और प्रासेसिंग के लिए सहमति दें।
f) शो के संबंध में सूचनाएं, नोटिफिकेशन प्राप्त करने और संपर्क करने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित करनें और प्रासेसिंग के लिए सहमति दें।
g) 14 अप्रैल 2025 तक अपकी आयु कितने वर्ष की हुई चुनें।
h) अपना लिंग चुनें।
i) दिए गए विकल्पों के अनुसार अपना निवास क्षेत्र चुनें (आपके पास अपने पते का दस्तावेज़ी प्रमाण होना चाहिए)
j) अपनी शिक्षा चुनें।
k) अपना पेशा चुनें।.
    1) ग्राउंड ऑडिशन (तारीख, स्थान और समय) और दस्तावेज़ आवश्यकताओं के लिए विवरण प्राप्त करें। पंजीकरणकर्ता अपनी पसंद के किसी भी एक स्थान पर, उपलब्धता के अधीन, निर्दिष्ट तिथि पर, अपनी सुविधानुसार ग्राउंड ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। ग्राउंड ऑडिशन के दिन वे ऊपर परिभाषित प्रक्रिया के अनुसार व्हाट्सएप पर पंजीकरण करेंगे, आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे और आवश्यक दस्तावेज जमा करने के अधीन उसी दिन और उसी स्थान पर ऑडिशन प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ेंगे।
    2) लेवल 4 यानी ग्राउंड ऑडिशन राउंड के लिए पात्र होने के लिए, सभी रजिस्ट्रेंट को व्हाट्सएप पर रजिस्ट्रेशन पूरा करना और आवश्यक दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है। जिन रजिस्ट्रेंट का पूरा रजिस्ट्रेशन डेटा और दस्तावेज किसी भी कारण से ग्राउंड ऑडिशन की तारीख तक कंपनी को प्राप्त नहीं होता है, उन्हें लेवल 4 (ग्राउंड ऑडिशन) के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।).
    3) CFE 1 के वे पंजीयक जो ग्राउंड ऑडिशन के लिए चयनित नहीं हैं, वे भी भाग ले सकते हैं, बशर्ते कि ऐसे पंजीयक को ग्राउंड ऑडिशन की तिथि, समय स्लॉट और स्थल विकल्प प्राप्त करने के लिए व्हाट्सएप पर पुनः पंजीकरण पूरा करना होगा।

प्र. पंजीकरण कराने में मुझे कितना खर्च आएगा?
उ. व्हाट्सएप एप्लीकेशन से सभी पंजीकरण निःशुल्क होंगे, हालांकि डेटा शुल्क लागू हो सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

प्र. व्हाट्सएप पर पंजीकरण के बाद आगे की चयन प्रक्रिया क्या है?
उ. एक बार जब आप व्हाट्सएप पर अपना पंजीकरण पूरा कर लेते हैं, तो आपको ग्राउंड ऑडिशन में भाग लेने के लिए उन तिथियों और स्थानों में से किसी एक पर उपस्थित होना होगा, जो CMEPL द्वारा आपके पंजीकरण के बाद भेजी

गई ग्राउंड ऑडिशन संबंधी जानकारी में उल्लिखित हैं। आपको ग्राउंड ऑडिशन में भाग लेने के लिए सुबह 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे के बीच रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। कृपया ध्यान दें कि CMEPL अपने पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार 1,500 प्रतिभागियों की संख्या पूरी होने पर ग्राउंड ऑडिशन प्रक्रिया को बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आपको सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। एक बार जब आप स्थान पर पंजीकरण कर लेते हैं और दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर लेते हैं, तो ऑडिशन प्रक्रिया इस दस्तावेज़ में आगे वर्णित ऑडिशन अनुभाग के अनुसार आयोजित की जाएगी।

प्र. मैंने व्हाट्सएप पर पंजीकरण नहीं कराया है और सीधे ऑडिशन स्थल पर पहुंच गया हूं। तो क्या मुझे इसमें भाग लेने की अनुमति होगी?
उ. हां, आप ऑडिशन स्थल पर उपलब्ध QR कोड को स्कैन करके खुद ही पंजीकरण कर सकते हैं। हालांकि, ऑडिशन प्रक्रिया में आगे भाग लेने के लिए व्हाट्सएप पर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करना और आवश्यक सहमति और दस्तावेज प्रदान करना अनिवार्य है।

प्र. मैंने CFE 1 के लिए पंजीकरण कराया है। तो क्या मैं CFE 2 के लिए भी पंजीकरण करा सकता हूँ?
उ. हां, अगर आपने CFE 1 के लिए पंजीकरण कराया था लेकिन ग्राउंड ऑडिशन के लिए चयनित नहीं हुए, तो आप CFE 2 में फिर से पंजीकरण कर सकते हैं और ऑडिशन में भाग लेने का मौका पा सकते हैं। कृपया ध्यान दें, ऑडिशन से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए CFE 2 के लिए व्हाट्सएप पर फिर से पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है।

**WAVES (वेव्स) 2025 स्पेशल एंट्री विंडो:**

प्र. WAVES (वेव्स) 2025 स्पेशल एंट्री क्या है?

उ. 01 मई, 2025 और 04 मई, 2025 तक स्पेशल रजिस्ट्रेशन विंडो, जिसके माध्यम से पंजीकरणकर्ता सीधे ऑडिशन में भाग लेने या शो की शूटिंग अवधि के दौरान लाइव दर्शकों का हिस्सा बनने का मौका पा सकते हैं। भागीदारी के लिए पात्र होने के लिए, पंजीकरणकर्ता को (i) निर्दिष्ट कार्यक्रम स्थल पर शारीरिक रूप से उपस्थित होना चाहिए (ii) शो के लिए WAVES (वेव्स) 2025 स्पेशल एंट्री के नियमों और शर्तों को पढ़ना और स्वीकार करना चाहिए (iii) कंपनी द्वारा निर्दिष्ट योग्यता और पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए।

प्र. मैं WAVES (वेव्स) 2025 स्पेशल एंट्री के लिए कैसे पंजीकरण कर सकता हूं?

l) पंजीकरणकर्ता 01 मई, 2025 और 04 मई, 2025 के बीच मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट सम्मेलन “WAVES” ("वेव्स") 2025 कार्यक्रम में स्थापित शो के कियोस्क बूथ पर पंजीकरण करके शो में भाग ले सकते हैं।

m) भाग लेने के लिए नीचे दिए गए प्रक्रिया का पालन करें:

n) अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें। कृपया ध्यान दें कि हम आपसे केवल तभी संपर्क कर पाएंगे जब आपके द्वारा साझा किया गया मोबाइल नंबर भारत में सेवा प्रदाता के साथ पंजीकृत हो। मोबाइल नंबर सत्यापन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्राप्त OTP दर्ज करें। कंपनी आगे की चयन प्रक्रिया के लिए पंजीकरणकर्ताओं द्वारा छोड़े गए किसी भी कॉलआउट के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

o) अपना पूरा नाम और ईमेल आईडी दर्ज करें।

p) नियम और शर्तें पढ़ें और स्वीकार करें। पंजीकरण के साथ आगे बढ़ने के लिए शो और वेव्स स्पेशल एंट्री 2025 के लिए नियम और शर्तों को स्वीकार करना अनिवार्य है। ऐसे नियमों और शर्तों का अनुपालन न करने पर तत्काल अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

q) दिए गए विकल्पों में से अपनी उम्र का चयन करें। कृपया ध्यान दें कि केवल उन्हीं पंजीकरणकर्ताओं को शो में भाग लेने के लिए विचार किया जाएगा जिन्होंने 14 अप्रैल, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है।

r) अपना लिंग चुनें।

s) अपनी शिक्षा चुनें।

t) अपना पेशा चुनें।

u) कृपया दिए गए विकल्पों के अनुसार अपने निवास का क्षेत्र चुनें (आपके पास अपने पते का दस्तावेज़ी प्रमाण होना चाहिए)

v) पंजीकरण पूरा करने के बाद, पंजीकरणकर्ताओं को सामान्य ज्ञान (जीके) आधारित प्रश्नों का उत्तर देना शुरू करना होगा और नीचे दिखाए गए पॉइंट ट्री के अनुसार अंक अर्जित करने होंगे –

| प्रश्न संख्या | अंक |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 17 | 7,00,00,000 |
| 16 | 1,00,00,000 |
| 15 | 75,00,000 |
| 14 | 50,00,000 |
| 13 | 25,00,000 |
| 12 | 12,50,000 |
| 11 | 6,40,000 |
| 10 | 3,20,000 |
| 9 | 1,60,000 |
| 8 | 80,000 |
| 7 | 40,000 |
| 6 | 20,000 |
| 5 | 10,000 |
| 4 | 5,000 |
| 3 | 3,000 |
| 2 | 2,000 |
| 1 | 1,000 |

w) पंजीकरणकर्ता मदद के लिए खेल के दौरान किसी भी समय 50:50 और फ्लिप द क्वेश्चन विकल्प का उपयोग केवल एक बार कर सकते हैं।

x) पंजीकरणकर्ता जो न्यूनतम 3,20,000 अंक और अधिकतम 75,00,000 अंक अर्जित करते हैं, उन्हें कंपनी द्वारा तय और सूचित की गई तिथियों पर शो के दर्शक के रूप में शूटिंग में भाग लेने के लिए आमंत्रित

किया जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी तिथियों में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं करेगी।

y) पंजीकरणकर्ता जो 1,00,00,000 या 7,00,00,000 अंक अर्जित करते हैं, उन्हें कंपनी द्वारा तय की गई तिथि और स्थान पर ऑडिशन में ऑडिशनी के रूप में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा। अधिक स्पष्टता के लिए, (i) प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 9 तक अंक अर्जित करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है। कृपया संदर्भ के लिए ऊपर दी गई अंक तालिका देखें।

एक बार जब कोई रजिस्ट्रेंट ऑडिशनी के रूप में चुना जाता है, तो उसे KBC-17 के नियमों और शर्तों के अनुसार कंपनी के पास उपलब्ध विवरण के अनुसार पंजीकरण के लिए इस्तेमाल किए गए नंबर पर IVR कॉल के ज़रिए वापस बुलाया जाएगा।

*नोट: CMEPL अपने विवेक पर WAVES 2025 स्पेशल एंट्री में उल्लेखित चयन मानदंड और पुरस्कार को जोड़ने/बदलने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके संबंध में सीएमईपीएल द्वारा किसी भी दावे/विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया नियम और शर्तें देखें।*

## इंडिया चैलेंजर वीक (ICW)

Q. इंडिया चैलेंजर वीक क्या है?

1. A. ICW के FFF राउंड में भाग लेने के लिए चुने गए प्रतियोगियों का चयन ग्राउंड ऑडिशन के ऑडिशन के परिणाम के आधार पर किया जाएगा। शो का FFF राउंड सप्ताह 1 से सप्ताह 8 तक यानी एपिसोड 1 से एपिसोड 40 तक आयोजित किया जाएगा। हालाँकि, कंपनी के विवेकानुसार ICW शेड्यूल में बदलाव किया जा सकता है।
2. "फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट" राउंड के शीर्ष दो विजेता प्रतियोगी, जो सबसे कम समय में FFF प्रश्न का सही उत्तर देंगे, "जल्दी 5" राउंड के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे।
3. "जल्दी 5" राउंड में, FFF राउंड के शीर्ष 2 विजेता प्रतियोगियों से शो के होस्ट द्वारा प्रश्न पूछे जाएँगे और जो प्रतियोगी पहले 5 प्रश्नों का सही उत्तर देगा, उसे उस एपिसोड के लिए हॉट सीट प्रतियोगी के रूप में चुना जाएगा।

4. किसी विशेष ICW में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड खेलने के लिए चुने गए प्रतिभागी उस सप्ताह के एपिसोड के लिए खेलने के पात्र होंगे। हालांकि, किसी विशेष एपिसोड के मामले में या उस सप्ताह के लिए किसी विशेष एपिसोड को रद्द करने के मामले में, प्रतिभागी उन दिनों के लिए खेलने के पात्र नहीं होंगे, जैसा कि कंपनी अपने विवेक से तय करेगी।
5. इंडिया चैलेंजर वीक के दौरान हर बुधवार को, प्रतियोगियों को मिड-वीक चैलेंजर्स के रूप में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड में भाग लेने का मौका मिलेगा।
   मिड-वीक चैलेंजर्स का चयन (i) 24 मई, 2025 और 01 जून, 2025 के बीच आयोजित ग्राउंड ऑडिशन में उनकी भागीदारी के परिणाम और (ii) इंडिया चैलेंजर वीक के दौरान उस विशिष्ट सप्ताह के लिए उपलब्ध FFF राउंड सीटों की संख्या के आधार पर किया जाएगा।

<u>ग्राउंड ऑडिशन</u>

प्र. मुझे अपने ऑडिशन की तारीख, समय और स्थान कैसे पता चलेगा?

उ. ग्राउंड ऑडिशन (जीके टेस्ट + पर्सनल इंटरव्यू) 24 मई, 2025 से 30 जून, 2025 के बीच आयोजित किए जाएँगे और लगभग 3,254 योग्य ऑडिशनकर्ता, जिन्हें पहले ग्राउंड ऑडिशन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था, उन्हें 16 मई, 2025 से 1 सितंबर, 2025 तक चयनित ऑडिशन स्थलों पर ऑडिशन में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा। सीएफई 1 में शॉर्टलिस्ट किए गए ऑडिशनकर्ता के ऑडिशन स्थल, तिथि और समय की सूचना चयनित प्रतिभागियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर कॉल बैक के माध्यम से दी जाएगी।
कृपया ध्यान दें कि तिथियां अस्थायी हैं और बाद में बदल सकती हैं। कंपनी को अपने विवेकानुसार ऑडिशन स्थल में परिवर्तन करने का अधिकार है।

प्र. क्या मैं ऑडिशन के लिए अपना पसंदीदा तिथि और समय चुन सकता हूं?

उ. नहीं। ऑडिशनी स्थल के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि और समय का निर्धारण आयोजक करेंगे और उसे ऑडिशनी की जरूरत के मुताबिक बदला या परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा। कल्वर मैक्स इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड ("CMEPL") द्वारा चुने गए एक शहर का विकल्प सभी शॉर्टलिस्ट किए गए रजिस्ट्रांट्स को मिलेगा। यदि शॉर्टलिस्ट किए गए रजिस्ट्रांट इस विकल्प को अस्वीकार करते हैं तो मान लिया जाएगा कि वह कौन बनेगा करोड़पति सीजन -17 में आगे के राउंड्स में भाग नहीं लेना चाहता।

प्र. ऑडिशन कहां और कब आयोजित किया जाएगा?

उ. CFE 1:

CFE 1: से चयनित ऑडिशनकर्ताओं को CMEPL द्वारा IVR कॉलआउट और SMS के माध्यम से सूचित किए गए स्लॉट के अनुसार निर्धारित तिथि और समय स्लॉट (सुबह 6:00:00 बजे से सुबह 08:00:00 बजे तक या सुबह 11:00:00 बजे से दोपहर 01:00:00 बजे तक) पर कार्यक्रम स्थल पर रिपोर्ट करना होगा।

CFE 2:

4. जिन पंजीकरणकर्ताओं ने पहले ही व्हाट्सएप पर पंजीकरण करा लिया है, वे अपनी सुविधानुसार, उपलब्धता के आधार पर, निर्धारित तिथि को अपनी पसंद के किसी भी स्थान पर ग्राउंड ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। जो पंजीकरणकर्ता ग्राउंड ऑडिशन के दिन ऊपर परिभाषित प्रक्रिया के अनुसार व्हाट्सएप पर पंजीकरण करेंगे, आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे और आवश्यक दस्तावेज जमा करने के अधीन उसी दिन और उसी स्थान पर ग्राउंड ऑडिशन प्रक्रिया के लिए तुरंत आगे बढ़ेंगे।
5. ऑडिशन में शामिल होने के लिए ऑडिशन देने वालों को सुबह 8:00:00 बजे से दोपहर 3:00:00 बजे के बीच रिपोर्ट करना ज़रूरी है। हालाँकि, CMEPL अपने विवेक से इन समयों में परिवर्तन करने का निर्णय ले सकता है। इसलिए ऑडिशन देने वालों को सलाह दी जाती है कि वे सुबह 08:00:00 बजे ही कार्यक्रम स्थल पर रिपोर्ट करें।

प्र. क्या मैं एक से अधिक बार ऑडिशन के लिए उपस्थित हो सकता हूँ?

उ. नहीं, आप ऐसा नहीं कर सकते। एक बार जब आप किसी खास शहर/स्थल पर ऑडिशन के लिए उपस्थित हो जाते हैं, तो आप किसी दूसरे शहर/स्थल पर ऑडिशन के लिए उपस्थित नहीं हो सकते। अधिक स्पष्टता के लिए, आप शो के सभी ऑडिशन शेड्यूल में केवल एक बार ही ऑडिशन के लिए उपस्थित हो सकते हैं। यह सभी के लिए लागू है, चाहे उसने CFE 1 या CFE 2 में पंजीकरण कराया हो।

प्र. अगर मैं ऑडिशन में भाग लेने में असमर्थ रहता हूं तो क्या होगा?

उ. निर्दिष्ट तिथि और समय पर ऑडिशन में भाग लेने में असमर्थता, केबीसी में आगे भाग लेने की संभावना को खत्म और / या समाप्त कर देगा।

उ. a) प्रत्येक ऑडिशनी को एक समयबद्ध जीके टेस्ट (सामान्य ज्ञान टेस्ट) से गुजरना होगा जिसमें आपको कौशल आधारित प्रश्नों का उत्तर देना होगा। ऑडिशन के दूसरे दौर में शॉर्टलिस्ट होने के योग्य होने के लिए सभी ऑडिशनियों को जीके टेस्ट पूरा करना होगा। जीके टेस्ट के अंकों के आधार पर, जीके टेस्ट में कट-ऑफ स्कोर (CMEPL's की टीम द्वारा तय) को पार करने वाले ऑडिशनियों को वीडियो ऑडिशन / व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा, जिसे रिकॉर्ड किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि CMEPL किसी भी ऑडिशनी को कट-ऑफ स्कोर बताने के लिए बाध्य नहीं है और वीडियो ऑडिशन के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले ऑडिशनी

की वास्तविक संख्या कंपनी द्वारा ऑडिशन स्थल पर बताई जाएगी। यदि चयनित ऑडिशनी लिखित परीक्षा और वीडियो ऑडिशन दोनों को पूरा करने में विफल रहते हैं, तो ऑडिशनी को आगे की भागीदारी से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

*CMEPL को यह अधिकार प्राप्त है कि वह अपने पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार चयनित ऑडिशन प्रतिभागियों के लिए ऑडिशन प्रक्रिया में संशोधन कर सके, या उन प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन व्यक्तिगत साक्षात्कार (PI) आयोजित कर सके जो किसी भी कारणवश ग्राउंड ऑडिशन में शामिल नहीं हो पाए।*

नोट: ऑडिशनी की भागीदारी के संबंध में यात्रा, आवास और अन्य सभी खर्च, ऑडिशनी की अपनी लागत पर होंगे और केवल ऑडिशनी को ही वैध पहचान और एड्रेस प्रूफ दस्तावेज और फोटोग्राफ जमा करने पर ऑडिशन स्थल में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

प्र. मैं ऑडिशन दौर के परिणाम कैसे जानूंगा?

उ. ऑडिशनी जिन्हें ऑडिशन राउंड के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा, CMEPL के प्रोड्यूसर के माध्यम से शो में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड में चयन के बारे में सूचित करने के लिए कॉल किया जाएगा।
मैं ऑडिशन दौर के परिणाम कैसे जानूंगा?

प्र. क्या ऑडिशन राउंड में मौजूद रहने के लिए सभी खर्च मुझे वहन करना होगा?

उ. हां। ऑडिशंस में मौजूद रहने के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर होने वाले सभी खर्च (यात्रा, परिवहन, लॉजिंग, रहने, खाने आदि का खर्च) को ऑडिशनी को उठाना होगा।

प्र. ऑडिशन के लिए मुझे कौन से दस्तावेज़ों की आवश्यकता होगी?

उ. प्रत्येक ऑडिशनी को अपने साथ निम्नलिखित दस्तावेज ऑडिशन स्थल पर लेकर आने होंगे:

1) वैध नाम के प्रमाण के लिए (इनमें से कोई भी:

1. जन्म प्रमाण पत्र के साथ पैन कार्ड
2. पासपोर्ट
3. वोटर आईडी
4. ड्राइविंग लाइसेंस या
5. UID/ आधार कार्ड

2) वैध निवास प्रमाण पत्र के लिए (इनमें से कोई भी):

1. लैंडलाइन फोन/बिजली का बिल
2. पासपोर्ट
3. वोटर आईडी
4. ड्राइविंग लाइसेंस
5. राशन कार्ड या
6. UID/आधार कार्ड

3) रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के सत्यापन के लिए:

1. UID/आधार कार्ड
2. शो के लिए रजिस्टर करने के लिए इस्तेमाल किए गए फोन बिल की हालिया कॉपी

ऑडिशनी को मूल दस्तावेज और प्रत्येक दस्तावेज की 2 सत्यापित फोटोकॉपी ले जाने की आवश्यकता होगी। सभी उपरोक्त दस्तावेज मात्र हिन्दी या अंग्रेजी में ही होने चाहिए।

(उपरोक्त दस्तावेज/वीडियो ए फ्रेंड कैंडिडेट्स के फोटो जमा करने का मतलब यह नहीं है कि ऑडिशनी की इस प्रतियोगिता के अगले चरण में भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी।)

<u>सामान्य</u>

प्र. चयन का मानदंड क्या हैं?

उ. चयन का मुख्य मानदंड आपके सामान्य ज्ञान और सम-सामयिक मामलों की समझ है, जिसका मूल्यांकन विभिन्न चरणों में किया जाता है। इसके अलावा, अंतिम चरण में वीडियो ऑडिशन और साक्षात्कार भी होगा जहां आपके व्यक्तित्व और स्क्रीन प्रेजेंस का भी मूल्यांकन होगा।

प्र. यदि मेरे पास कोई प्रश्न है तो मैं किससे पूछ सकता हूं?

उ. कृपया अपने प्रश्नों को kbcresponse@setindia.com पर भेजें और हम जल्द से जल्द जवाब देने की कोशिश करेंगे। वैकल्पिक रूप से आप नियम और शर्तें www.sonyliv.com पर देख सकते हैं।

प्र. कौन बनगा करोड़पति को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियमों और शर्तों को मैं कहां पढ़ सकता हूं?

उ. गेम शो के नियम और शर्तों को विस्तार से www.sonyliv.com पर उपलब्ध कराया गया है

प्र मैं कितनी बार भाग ले सकता हूं?

उ रजिस्ट्रेशन के एक शेड्यूल में ऑडिशन के लिए प्रत्येक रजिस्ट्रांट को केवल एक बार सूचीबद्ध किया जा सकता है। हालांकि, दर्शकों द्वारा पंजीकरण (व्हाट्सएप / सोनी लिव ऐप) के माध्यम से कितनी बार भाग ले सकते हैं, इस पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

प्र पुरस्कार राशि कौन जीतता है?

उ जो व्यक्ति हॉटसीट पर बैठता है और पूछे गए सवालों के सही जवाब देता है वह पुरस्कार राशि जीत जाएगा। पुरस्कार राशि कंपनी द्वारा अपने विवेकाधिकार पर तय की जाएगी और सरकारी नियमों के अनुसार कर की कटौती के अधीन होगी।

प्र. कुछ लोग दावा करते हैं कि वे केबीसी में प्रवेश पाने में मदद कर सकते हैं। क्या यह संभव है?

उ. केबीसी में प्रवेश का एकमात्र तरीका रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भागीदारी के माध्यम से है जैसा कि केबीसी सीजन 17 में नियम और शर्तें गवर्निंग पार्टिसिपेशन में वर्णित है (कृपया www.sonyliv.com पर हमारे नियम और शर्तों को देखें)। केबीसी में भाग लेने का कोई अन्य तरीका नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया एक स्वतंत्र ऑडिट फर्म द्वारा पारदर्शी और निगरानी की जाती है। कोई भी व्यक्ति यह दावा करता है कि वह आपको शो में आने में मदद कर सकता है / वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपनी स्थानीय पुलिस से संपर्क करें और इस व्यक्ति की रिपोर्ट करें।

केबीसी में भागीदारी की कोई एंट्री फीस नहीं है। इस वजह से कोई व्यक्ति यदि दावा करता है कि वह सोनी से है और आपको एंट्री फीस देनी होगी तो वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपने स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क करें और उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करें।

प्र. वाइल्डकार्ड स्पेशल वीक क्या है और इसमें कौन भाग ले सकता है?

उ. जो प्रतिभागी वर्तमान सीज़न के सप्ताह 1 से सप्ताह 4 के दौरान “फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट” राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए थे लेकिन हॉट सीट तक नहीं पहुँच पाए, उन्हें एक अतिरिक्त अवसर दिया जाएगा कि वे फिर से “फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट” राउंड खेल सकें और 22 सितंबर 2025 से 26 सितंबर 2025 के बीच

हॉट सीट पर पहुँचने का मौका प्राप्त कर सकें। कंपनी अपने पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार “वाइल्डकार्ड स्पेशल वीक” की अवधि को संशोधित या बढ़ा सकती है।

प्र. मुझे व्हॉट्सएप पर एक कॉल/मैसेज आया है कि मैंने केबीसी से एक लॉटरी जीत ली है। क्या यह संभव है?

उ. केबीसी के जरिए पुरस्कार राशि जीतने का इकलौता तरीका केबीसी सीजन 17 में भागीदारी को प्रशासित करने वाले नियम और शर्तें में निर्देशित रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया ही है। केबीसी से पैसा जीतने का कोई और तरीका नहीं है। कोई भी व्यक्ति दावा करता है कि आपने कोई लॉटरी जीती है या लॉटरी का पैसा पाने के लिए आपको कोई राशि जमा करानी होगी, तो वह आपको धोखा दे रहा है। कृपया अपने स्थानीय पुलिस थाने में संपर्क करें और ऐसे व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएं।

केबीसी में भागीदारी के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। इसके अलावा, केबीसी कोई लॉटरी जारी नहीं करता है। इस वजह से कोई भी व्यक्ति यह दावा करता है कि वह सोनी से है और आपको शो के लिए प्रवेश शुल्क देना है या आपने लॉटरी जीती है, तो वह आपको धोखा दे रहा है।

प्र. क्या कोई अन्य प्रतियोगिता है जिसके माध्यम से मैं शो में भाग ले सकता हूँ?

उ. a) आपको शो में भाग लेने का अवसर “स्पॉन्सर-ड्रिवन प्रतियोगिता” के माध्यम से मिलेगा, जो शो के थर्ड-पार्टी प्रायोजकों द्वारा कंपनी के सहयोग से समय-समय पर शो की अवधि के दौरान आयोजित की जाती हैं।

b) प्रत्येक स्पॉन्सर-ड्रिवन प्रतियोगिता की पंजीकरण, चयन और ऑडिशन प्रक्रिया संबंधित प्रतियोगिता की लागू नियम व शर्तों के अनुसार होगी, जो शो की नियमावली के अनुरूप होंगी। यदि स्पॉन्सर-ड्रिवन प्रतियोगिता की नियमावली और शो की नियमावली के बीच कोई असंगति पाई जाती है, तो कंपनी को यह अधिकार होगा कि वह बिना किसी पूर्व सूचना के, अपने विवेकानुसार, इन नियमों में भविष्य या अतीत में कोई भी परिवर्तन कर सके। इस संबंध में कोई विवाद स्वीकार नहीं किया जाएगा।

c) स्पष्टता हेतु, वे ऑडिशन प्रतिभागी जो CFE 1, CFE 2 या WAVES (वेव्स) 2025 स्पेशल एंट्री के माध्यम से ऑडिशन राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए हैं, उन्हें किसी अन्य वैकल्पिक पंजीकरण प्रक्रिया या स्पॉन्सर-ड्रिवन प्रतियोगिता के ऑडिशन राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किया जाएगा।

d) कंपनी को यह अधिकार प्राप्त है कि वह किसी भी समय स्पॉन्सर-ड्रिवन प्रतियोगिताओं की नियमावली में संशोधन/परिवर्तन/विस्तार कर सके। इस संबंध में कोई दावा या विवाद स्वीकार नहीं किया जाएगा।

e) यदि किसी कारणवश स्पॉन्सर-ड्रिवन प्रतियोगिता का संचालन, शो की रिकॉर्डिंग या प्रसारण बाधित होता है, तो कंपनी और/या CMEPL को यह अधिकार होगा कि वे पूरी या आंशिक प्रतियोगिता को रद्द कर सकें या कोई अन्य निर्णय ले सकें जो उन्हें उपयुक्त लगे। साथ ही, कंपनी को यह अधिकार होगा कि वह स्पॉन्सर-ड्रिवन प्रतियोगिताओं को किसी भी प्लेटफ़ॉर्म पर संचालित कर सके, जैसा कि आवश्यक हो।

प्र. टीवी पर पूछे गए सवाल का जवाब देने के बाद मुझे फोन आया, लेकिन उसके बाद किसी ने मुझे फोन नहीं किया। क्या मुझे चुना गया है?

उ. हो सकता है कंप्यूटर द्वारा चुने गए शॉर्टलिस्ट किए गए रजिस्ट्रांट में से आप एक थे और इसी वजह से आपको कॉल प्राप्त हुआ है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको अगले दौर के लिए चुना गया है। हम उन सफल उम्मीदवारों से संपर्क करेंगे जिन्होंने अगले दौर में जगह बनाई है।